भोले बाबा चले हैं आज

भोले बाबा चले हैं आज,
गौरां ब्यावन नं
संग भूतों की लेके बारात,
गौरां बयावन नं॥

दूल्हे राजा है निराला,
गल सर्पों की माला,
गल सर्पों की माला,
जटा में बहती गंगा मैया,
तन पे है मृग छाला,
तन पे है मृग छाला,
देखो डमरू बजाए आज,
डम डम डमरू बजाए आज,
गौरां बयावन नं,
भोले बाबा चले हैं आज.....

ब्रह्मा विष्णु स्वर्गलोक से,
संग देवों के आए,
संग देवों के आए,
शिव गण देखो मस्त मग्न हो,
झूमें नाचें गाए,
झूमें नाचें गाए,
तीनों लोकों का लेके साथ,
तीनों लोकों का लेके साथ,
गोरां ब्यावन नं,
भोले बाबा चले हैं आज....

गौरा मैया बनी दुल्हनियां,
मन इच्छा वर पाए,
मन इच्छा वर पाए,
हाथों में वर माला लेके,
मंद मंद शर्माए,
मंद मंद शर्माए,
संग 'अमित' भी आया है आज,
संग 'अमित' भी आया है आज,
गोरां ब्यावन नं,
भोले शंकर चलें हैं आज....

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/26353/title/bhole-baba-chale-hai-aaj

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |